सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक—304/कु0स0का0/सि0वि0वि0/2026, दिनांक—01—06—2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय :— **महाविद्यालयों में महिला छात्रावास तथा प्रधानाचार्य आवास निर्मित है, परन्तु उनका उपयोग न किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या—ई—3403/32—जी0एस0/2026 दिनांक 28—05—2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा यह तथ्य प्रकाश में आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों में महिला छात्रावास तथा प्रधानाचार्य आवास निर्मित है, परन्तु उनका उपयोग नही हो रहा है। उक्त भवनों का उपयोग न होने से यह जर्जर होते जा रहे हैऔर शासकीय धन का अपव्यय हो रहा है, जिसके निम्नांकित बिन्दुओं पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

1. महाविद्यालयों में निर्मित महिला छात्रावासों को उपयोग में लाया जाय। यदि छात्रावास में छात्राओं का अधिवास नही हो रहा है तो उक्त छात्रावास को आवश्यकतानुसार महाविद्यालय के अन्य प्रयोजनों (यथा— रोजगारपरक् शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन, एकेडमिक, विभिन्न प्रयोगशाला, लाइब्रेरी आदि) में प्रयोग किया जाय।
2. महाविद्यालयों में निर्मित एवं रिक्त पड़े प्राचार्य के आवास में प्राचार्यो को निवास करने हेतु निर्देशित किया जाय, यदि प्राचार्य का निवास सम्भव न हो तो उक्त आवासो को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों हेतु प्रयोग में लाया जाय।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 कुलपति जी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

01/06/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
2. परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।